**अवसर: सिपाही भर्ती परीक्षा की तर्ज पर होगी लिखित परीक्षा और साक्षात्कार**

# 44 हजार होमगार्डों की भर्ती जुलाई से शुरू होगी

हि जॉब्स

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश में 44 हजार होमगार्ड जवानों की भर्ती के लिए विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इतनी बड़ी संख्या में होने वाली इस भर्ती के लिए आवेदन जुलाई के अंत तक मांगे जा सकते हैं। वर्ष 2011 के बाद होने वाली यह होमगार्ड भर्ती सिपाही भर्ती परीक्षा की तर्ज पर होगी। इसमें भी मुख्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पिछले साल जून में 44000 होमगार्ड जवानों की भर्ती की घोषणा की थी। भर्ती के प्रस्ताव पर शासन में लगभग सहमति बन गई है। भर्ती की नियमावली तैयार की जा चुकी है। हाईस्कूल पास होने के साथ उम्र 18 से 45 वर्ष का मानक रहेगा। महिलाओं को 20% आरक्षण मिलेगा। इस बार 15 लाख से अधिक आवेदन आ सकते हैं।

होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने इसकी तैयारियों को लेकर मुख्यालय के अफसरों के साथ बैठक की है। कुछ बिन्दुओं पर सहमति के लिए प्रस्ताव शासन भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक संशय यह है कि सभी 44000 पदों पर भर्ती साथ कराई जाए अथवा दो चरणों में पूरी हो। इसी साल 60244 सिपाही भर्ती परीक्षा बिना विवाद हो गई। इस पर ही निर्णय लिया जा रहा है कि होमगार्ड जवानों की भर्ती मुख्यालय स्तर पर हो। कैबिनेट की मंजूरी के बाद भर्ती विज्ञापन जारी होगा। होमगार्ड की मृत्यु पर आश्रितों को नौकरी, बीमा कम्पनी से एमओयू होने से परिवार को 35 लाख रुपये भी मिलते हैं। सरकार से पांच लाख आर्थिक मदद अलग मिलती है।

**इस तरह होगा अंतिम चयन:** विभाग के मुताबिक सिपाही की तरह होमगार्ड जवान बनने के लिए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा होगी। इसमें सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण, दस्तावेज परीक्षण होगा। चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण होगा।

**ढाई किमी दौड़ हो सकती है:** विभागीय सूत्रों के मुताबिक अभी तक होमगार्ड भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को दो किमी दौड़ कराई जाती थी। अब इसे बढ़ाकर ढाई किमी करने पर भी विचार चल रहा है। होमगार्ड के लिए एक लाख 18 हजार 348 पद स्वीकृत हैं। इस समय करीब 74 हजार जवान है। एक अधिकारी के मुताबिक तैयारियां मुख्यालय स्तर पर पूरी हैं।

## यूपी में 14 साल बाद हो रही होमगार्ड भर्ती



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते साल जून में किया था ऐलान
- जवानों की भर्ती के प्रस्ताव पर शासन में लगभग सहमति बनी
- कुछ सालों में कई जवान रिटायर होने से काफी पद रिक्त चल रहे
- यूपी में फिलहाल 74 हजार होमगार्ड जवान कार्यरत हैं

**15** लाख तक के करीब आवेदन आने की उम्मीद

**45** वर्ष तक की आयु वाले लोग कर पाएंगे आवेदन

## एडेड माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक तबादले को कल से आवेदन कर सकेंगे

**लखनऊ, विसं।** अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षक स्थानांतरण के लिए 10 जून से 14 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहली बार एडेड माध्यमिक शिक्षकों की तबादला प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। प्रधानाचार्यों, अध्यापकों के तबादले की प्रक्रिया 27 जून तक पूरी होगी। अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेन्द्र तिवारी के मुताबिक एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक और संलग्न प्राइमरी प्रभाग के सहायक अध्यापकों के लिए स्थानांतरण सत्र 2025-26 में तबादले ऑनलाइन माध्यम से ही किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने http://secaidedtransfer.upsdc.gov.in भी विकसित कर लिया है। रविवार को आवेदन तिथि का ऐलान हुआ। > 20% के ही तबादले P02

## परिषदीय स्कूलों के लिए आवेदन आज से

**प्रयागराज।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के अंतरजनपदीय स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन आवेदन सोमवार से शुरू होने हैं, पर रिक्तियों का अता-पता नहीं है। शिक्षकों-शिक्षिकाओं को नौ से 13 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर छायाप्रति संबंधित बीएसए कार्यालय में जमा करना है। बीएसए स्तर से 14 जून को ऑनलाइन सत्यापन, डाटा लॉक होगा। एनआईसी लखनऊ की ओर से विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से 16 जून को शिक्षकों का स्थानान्तरण कर सूची जारी होगी। बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेन्द्र तिवारी का कहना है कि सूची की स्क्रूटनी हो रही है जल्द ही ऑनलाइन जारी होगी।